निबंधन एवं शर्तें

<u>वरिष्ठ परामर्शदाता (मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन)</u>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में भारत कोविड- 19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना में योगदान देने के लिए वरिष्ठ परामर्शदाता (मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन) की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, वरिष्ठ परामर्शदाता (मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन) परियोजना संबंधी गतिविधियों के लिए **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** के अंतर्गत एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एनपीएमयू) का हिस्सा होगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी),नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदागत आधार पर उपर्युक्त उल्लिखित पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

क. परियोजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य

वुहान हुबेई प्रांत, चीन में प्रारंभिक मामलों का पता लगने के बाद, दिसंबर 2019 के बाद से गंभीर श्वसन संबंधी सिंड्रोम कोरोनावायरस 2 वायरस के कारण कोरोना वायरस रोग 2019 (कोविड- 19) का प्रकोप पूरे विश्व में तेजी से फैल रहा है। भारत में कोविड- 19 के मामलों की तीव्र बढ़ोत्तरी के प्रत्युत्तर में , भारत सरकार (जीओआई) द्वारा भारत कोविड -19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना की शुरुआत की गई है। परियोजना का उद्देश्य कोविड- 19 द्वारा उत्पन्न खतरे को रोकना, इसका पता लगाना और इसका प्रत्युत्तर देना है और भारत में तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाना है।

ख. कार्यक्षेत्र

वरिष्ठ परामर्शदाता (मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन) निम्नलिखित कार्यों सहित स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा इसकी तीन कार्यान्वयन एजेंसियों- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय रोग नियत्रंण केंद्र (एनसीडीसी) और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और अन्य के साथ मिलकर कार्य करेगा:

दायित्व:

- डाटा संग्रहण में क्रियान्वयन संस्थाओं की तथा परियोजनाओं के लिए नया डाटा संग्रहण सॉफ्टवेयर को तैयार करने में सहायता करना।
- जनसंख्या प्रतिनिधित्व परिवार सर्वेक्षणों के डिजाइन तथा प्रशासन और सुविधा आधारित सर्वेक्षणों को सुविधाजनक बनाना।
- परिणाम ढांचे पर आधारित तिमाही मॉनिटरिंग रिपोर्ट को तैयार करने में क्रियान्वयन संस्थाओं की सहायता करते हुए परियोजना मॉनिटरिंग में सहायता करना।
- सहमत लक्ष्यों पर आधारित मासिक/तिमाही रिपोर्ट तैयार करना तथा परियोजना संकेतकों से संबद्ध मासिक डेशबोर्ड के साथ की गई प्रगति तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ नियमित आधार पर साझा करना।
- महामारी संबंधी डेटा का विश्लेषण करना तथा क्रियान्वयन एजेंसी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को फीडबैक उपलब्ध कराना।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को संसूचित किए जा रहे डाटा की पूर्णता तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायता करना।

- निधियन भागीदारों की प्रगति रिपोर्टिंग अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सहायता करना।
- पर्यवेक्षकों द्वारा सौंपे गए किसी अन्य कार्यकलापों/कार्यों को आरंभ करना।

अनिवार्य अर्हता/ अपेक्षाएं

- एमडी (कम्युनिटी मेडिसिन/प्रीवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन)।
- एमपीएच/एमबीए (हेल्थ इनफॉर्मेटिक्स/हेल्थ एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट/एमएससी (आईटी)/एमएससी (बायो स्टैटिक्स)/स्टैटिक्स)/एमएसडब्ल्यू।
- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अर्हता पश्चात कार्य अनुभव/राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए मॉनिटरिंग कार्य ढांचा के विकास में सहायता करने के अनुभव के साथ स्वास्थ्य, राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर विभिन्न मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर का मूल्यांकन करना तथा डाटा पर कार्य करने का अनुभव।

अधिमान्य अर्हता/ कौशल

- राष्ट्रीय/ राज्य स्तर पर जन स्वास्थ्य कार्यक्रम की मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन (एम एंड ई) अनुमान।
- कोविड आपातकालीन प्रतिक्रिया में संबंधित अनुभव वांछनीय है।
- डब्ल्यूबी, एडीबी आदि जैसी दाता एजेंसियों के साथ कार्य करने का अनुभव अतिरिक्त विशेषता होगी।

रिपोर्टिंग: नोडल अधिकारी कोविड-19, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय वरिष्ठ परामर्शदाता (मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन) का संपूर्ण प्रभारी होगा।

आयु: 50 वर्ष तक और व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए तैयार।

पद संख्या: 01

पारिश्रमिक: अधिकतम 1,50,000 /- रुपए प्रतिमाह

स्थान: दिल्ली

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 18-Dec-2020 तक केवल npmu.covid.02@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।